Sir, now the question is: Are we serving the country in all constitutional directions that Baba Saheb desired? Whenever I put this question to myself, pat comes the reply - "Possibly, no". Because we are still pursuing a cause to divide. We are encouraging the divisive forces in one form or the other, knowing it fully well that forces of destabilization can never contribute in any manner to the task of nation building.

Sir, this is pathetic to note that some of the responsible people have also forgotten to act responsibly and reasonably, as otherwise we would not have heard, after 40 years of incorporation of the word "Secularism" in our Constitution through 42nd Amendment, a very responsible person holding a high and important position saying 'secularism was not within the scheme of Constitution at the very beginning'. Everybody knows that. There is no denial of that. Then, he says, 'Baba Saheb did not want to include 'secularism' in the Preamble'. What is new about this? What he has not said is that Baba Saheb, while expressing freedom of religion in our Constitution, said and I quote, "The State is neither religious, nor anti-religious, nor irreligious. It is totally detached from religious dogmas".

सर, जो लोग गा रहे हैं - "हम दिल दे चुके सनम", हम उनको मजबूर न करें कि दोबारा उन्हें एक दूसरा गाना गाना पड़े - "दिलरुबा मैंने तेरे प्यार में क्या-क्या न किया, दिल दिया, दर्द लिया"।

उन पर ऐसी मजबूरी न आए कि उन्हें ऐसा गाना गाना पड़े, इस बात को हमें देखना होगा।

Sir, on this solemn occasion, my party, the All India Trinamool Congress, led by Ms. Mamata Banerjee, once again resolves to rededicate ourselves for the cause of the nation and to help strengthen all constitutional schemes, mechanisms and institutions in achieving the cherished goals of the Indian Constitution.

Sir, in fine, I would like to refer to a few lines from Tagore's Nobel Prize famed 'Song Offerings" or Geetanjali.

Where the mind is without fear and the head is held high
Where knowledge is free
Where the world has not been broken up into fragments
By narrow domestic walls
Where words come out from the depth of truth
Where tireless striving stretches its arms towards perfection
Where the clear stream of reason has not lost its way
Into the dreary desert sand of dead habit
Where the mind is led forward by thee
Into ever-widening thought and action
Into that heaven of freedom, my Father, let my country awake.

Thank you.

MR. CHAIRMAN: Thank you very much. Shri Sharad Yadav. ...*(Interruptions)*.... There is a certain amount of confusion. Why?

SHRI SITARAM YECHURY: He had earlier agreed that ...

MR. CHAIRMAN: Is an interchange taking place or not taking place with consent? ...*(Interruptions)*.... शरद जी, क्या आप बोलेंगे?

श्री शरद यादव (बिहार): जी हाँ, सर। महोदय, आज का दिन संविधान की बाबत और उसकी याद में आपने रखा है, जिस पर हमारे बहुत से मित्रों ने बोला है। इस पर मैं कहना चाहता हूँ कि देश में 68 वर्षों में हमारे संविधान के दायरे में जो अच्छा और बुरा हुआ, उसके ऊपर लोगों ने बहुत विस्तार से यहाँ बोला है, लेकिन इसके नतीजे क्या निकले? हम आज कहाँ खड़े हैं? आज का दिन इस बात को भी तोलने का है, आत्म आलोचना का है कि हम खड़े कहाँ हैं? मैं मानता हूँ कि देश आज़ाद हुआ, उसके बाद के जो हालात हैं कि कुछ मुट्ठी भर लोग ...**(व्यवधान)**... मैं इतना ही कहना चाहता हूँ, मेरे कहने का आशय यह है कि अगर देश की geography को, देश की जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए देखेंगे तो पायेंगे कि एक साइज़ेबल आबादी है, जो आगे बढ़ी है। उसकी भी एक संख्या है। मैं मानता हूँ कि बरतानिया और यूरोप के छोटे-मोटे देशों के लगभग 25-30 करोड़ लोगों की जिंदगी बेहतर बनी है।

[श्री शरद यादव]

जिस तरह आदमी का शरीर है, वैसे ही राष्ट्र का भी शरीर होता है। राष्ट्र का जो शरीर है, मान लीजिए कि यदि उसमें एक जगह पर भी कमजोरी आ जाये, तो टोटैलिटी में जो शरीर है, उस पर असर पड़ता है। वैसे ही जो पूरा भारत देश है, उसके शरीर को भी देखना चाहिए। इस देश के गरीब की क्या हालत है, इस देश के बेकार और बेरोज़गार लोगों की क्या हालत है? जो भाषायी स्कूल के बच्चे हैं, चाहे वे कन्नड़ के हों, मलयालम के हों या गुजराती के हों, जो भारतीय भाषायें हैं, उनमें से किसी भी भाषा को ले लीजिए, उनके द्वारा पढ़ने वाले जो बच्चे हैं, उनके लिए आज सबसे बड़ी समस्या यह हो गयी है कि आप तो कहते हैं कि पढ़िए, लेकिन जो पढ़ने वाले लोग हैं और वह भी भाषायी स्कूलों में जो पढ़ने वाले लोग हैं, उनकी हालत यह है कि वे बेकारी और बेरोज़गारी के समुद्र में तैर रहे हैं। यही हालत इस देश के किसान की है। वह कहाँ खड़ा था और आज कहाँ खड़ा है? 68 वर्षों में संविधान के दायरे में जो काम किये गये, उनके नतीजे में कुछ जगहें तो ऐसी हो गयीं कि आप उनकी तुलना किसी बड़े विकसित देश से कर सकते हैं, लेकिन कुछ जगहें ऐसी नहीं हैं। यही दिल्ली है, यहाँ 21वीं शताब्दी है, जहाँ हम और आप बैठे हैं, लेकिन थोड़ा यमुना के पार चले जाइए, तो यमुना को पार करने के बाद 19वीं शताब्दी आ जायेगी, थोड़ा और आगे चले जाइए तो 18वीं शताब्दी आ जायेगी, इसके थोड़ा और आगे झुग्गी-झोंपड़ियों में चले जाइए, तो 17वीं शताब्दी आ जायेगी। यह दिल्ली भी शताब्दियों में खंड-खंड है। संविधान के जो दायरे थे, उनमें गलती क्या हुई, क्या अच्छा हुआ, क्या बुरा हुआ, इसके नतीजे में इस देश की जो हालत है, इसकी जो शक्ल है, वह बहुत भयावह है। वह इतनी भयावह है कि चाहे जो अपनी पीठ थपथपा लो और मैं यह कह रहा हूं तो किसी के ऊपर आरोप लगा कर नहीं कह रहा हूं। यह जो बात मैं कह रहा हूं, वह इसलिए कह रहा हूं कि हम सब लोग जो यहां बैठे हैं, संविधान के दायरे में, संविधान के अनुसार मोटा-मोटा हम चले हैं। लेकिन देश जो है, वह तभी मजबूत होगा, जब देश के पूरे के पूरे शरीर को हरसम्भव ताकत मिलेगी। जब आप बाबा साहेब अम्बेडकर का नाम लेते हैं तो मैंने गरीब के बारे में कहा, बेकारी के बारे में कहा, इस देश के किसानों ने सदियों में कभी आत्म-हत्या नहीं की। बाजार जब से आया तब से आत्म-हत्या शुरू हुई है। मैं नहीं कह रहा कि बाजार नहीं आना चाहिए। बाजार चीन में भी आया है लेकिन जब चीन में बाजार आया तो चीन ने हाथ मिलाया और बाजार के ऊपर, उसकी छाती पर बैठकर दिखाया। एक हम हैं जो यह बाजार आया है, इस बाजार के चलते भारत का जो गरीब आदमी है, वही मैंने कहा कि 25 करोड़ लोग ही इसका भोग कर रहे हैं। उन्हीं का जिक्र है, उन्हीं के बीच बहस है। आज की बहस का भी, तमाम तरह की जो बहस हुई, उसका एक ही दायरा है कि संविधान कब बना, किसने बनाया, कैसे बनाया, कौन है, उनकी यशगाथा हमने गाई, लेकिन उनके सपने क्या थे? बाबा साहेब अम्बेडकर दूसरे गोलमेज सम्मेलन में गए थे। वहां महात्मा गांधी भी उसी गोलमेज सम्मेलन में थे। भारत की गरीबी, भुखमरी, बेकारी और मजबूरी और हिन्दुस्तान का जो कास्ट सिस्टम है, जाति व्यवस्था है, उसके ऊपर उन्होंने जो ललकार लगाई तो पूरे सेकंड गोलमेज कांफ्रेंस में महात्मा जी का मन तब से बदला। वे समझते थे कि जाति व्यवस्था ठीक है, लेकिन सेकंड गोलमेज कांफ्रेंस में बाबा साहेब अम्बेडकर ने हिन्दुस्तान के सारी धार्मिक और सब चीजें बताई। तो यह भी जान लेना कि भारत का सम्पूर्ण विकास और सम्पूर्ण ताकत जो उसकी है, वह हिन्दू है, और यदि हिन्दू है तो वह कोई हिन्दू नहीं है, वह कास्ट सिस्टम है और जाति व्यवस्था अकेले हिन्दू में नहीं है, मुसलमानों में भी वैसी ही है, सिखों में भी वैसी ही है, ईसाइयों में भी वैसी ही है। हिन्दुस्तान में धर्म बदल सकते हैं लेकिन जाति नहीं बदली जा सकती। इसके बाद जब एक गोष्ठी की गई तो उसमें बाबा साहेब ने बोलने का काम किया और उसके बाद महात्मा गांधी को जब बोलने को

कहा तो उन्होंने सिर्फ यह कहा, थैंक्यू वेरी मच। इससे ज्यादा नहीं बोले। उसके बाद ही महात्मा जी का मन बदला।

सभापति जी, मैं आपसे कहना चाहता हूं कि यह एक मामूली चीज नहीं है। दूसरी गोलमेज कांफ्रेंस के बाद हिन्दुस्तान की तस्वीर और हिन्दुस्तान की सब चीजों की बीमारी का, जो सबसे बड़ी बीमारी है, उसका पूना पैक्ट हुआ। पूना पैक्ट क्या कहता है? पूना पैक्ट महात्मा जी और बाबा साहेब अम्बेडकर के बीच में हुआ था। उसमें हिन्दुस्तान की जो सामाजिक विषमता है, जो जाति व्यवस्था है, उसकी बाबत ही समझौता हुआ था कि हिन्दुस्तान का जो दलित है उसकी क्या जगह होगी, हिन्दुस्तान का जो ट्राइबल है उसकी क्या जगह होगी? उस पूना पैक्ट में हिन्दुस्तान की आजादी के जितने लोग थे, उनके सबके दस्तखत थे। अकेले बंगाल के लोग दस्तखत करने के बाद जाकर बदल गए थे लेकिन बाकी पूरा देश, मदन मोहन मालवीय से लेकर, सरदार पटेल से लेकर सारे लोगों के दस्तखत पूना पैक्ट पर थे। सभापति जी, यह भी जान लीजिए कि पूना पैक्ट के चलते ही महात्मा जी के मन में आया कि यह जो पैक्ट हुआ है, देश बंट रहा था, उनको दिख रहा था लेकिन हिन्दुस्तान का जो दलित है, वह कह रहा था कि हमको सेपरेट इलेक्टोरेट दो, हमारे साथ किसी को मत रखो। हिन्दुस्तान की जाति व्यवस्था ऐसी है कि हमको अलग से, हमारे लोगों को हमारे लोग ही वोट दें, उनको आगे लाओ।मैं मानता हूँ कि बाबा साहेब की राय ठीक थी। आज मैं देखता हूँ कि कांग्रेस और बीजेपी में, सारी पार्टियों में जो दलित हैं, उनकी ज़बान बंद है। कोई भी दर्द के साथ बोल नहीं सकता है। आज इस सदन में इस देश की जो हालत है, उसके दर्द को ... सदन चलता है तब भी, चाहे इस पार्टी में दलित नेता हो, चाहे उस पार्टी में आदिवासी नेता हो, यहां रहता हो या वहां रहता हो, उसकी हिम्मत नहीं है कि उसके मन में जो तकलीफ है, उसको वह कह सके। इसलिए मैं यहां कहना चाहता हूँ कि बाबा साहेब ठीक बात कर रहे थे। पार्टी सिस्टम के चलते यह हालत हो गई कि दलित जो है, वह पार्टियों का बंधक हो गया है। वह अपने वर्गों के हक में बोल नहीं सकता है। वैसे वह सीधा है।

सभापति जी, उसका एक तरह का शोषण नहीं हुआ, बल्कि उसके शरीर का, उसके मन का, उसकी बुद्धि का, उसके विवेक का शोषण हुआ है। दुनिया में ऐसा कोई मुल्क नहीं है, जिसमें यह जो जाति व्यवस्था है, यहां उसके शोषण की इन्तिहा है। उनका सिर्फ मानसिक शोषण नहीं, आर्थिक शोषण नहीं, बल्कि शरीर से लेकर हर चीज का शोषण हो गया। हजारों वर्ष से उसकी बोली बंद हो गई। न खेत बोलता, न खलिहान बोलता, न पशु बोलता, न पक्षी बोलता, उसकी ज़बान बंद रहती है। यहां भी उसकी ज़बान बाबा साहेब ने खोलने का काम किया था, लेकिन वह नहीं हो पाई। आज हालत क्या है? क्या हुआ दलित का?

कुछ लोग कह रहे हैं कि बाबा साहेब यहां से नहीं गए। बाबा साहेब से पहले भी हिन्दुस्तान में बहुत लोग हुए, जैसे महात्मा फुले, साहू महाराज, डा. लोहिया, गुरु नानक, आदि। हिन्दुस्तान की जाति व्यवस्था के खिलाफ जितना भारत के इतिहास में संग्राम हुआ है, बसबन्ना को रगेद करके, खदेड़ करके नदी के बीच में उसको डुबोने का काम हुआ। हिन्दुस्तान की सामाजिक विषमता के खिलाफ जो संग्राम हुआ, उस संग्राम को ठीक करने के लिए महात्मा गांधी ने किसी एक आदमी का नाम सुझाया, उसका नाम बाबा साहेब अम्बेडकर था। संविधान बनाने के लिए जो ड्राफ्टिंग कमेटी बनी थी, उसका चेयरमैन बाबा साहेब को क्यों बनाया? "हिन्दुस्तान", हिन्दी के चन्दूलाल चंद्राकर थे, महात्मा जी के मन में था कि इनको हिन्दुस्तान का लॉ मिनिस्टर बनना चाहिए। इनको कानून मंत्री बनना चाहिए और

[श्री शरद यादव]

संविधान सभा में संविधान का पूरा का पूरा ढांचा इनके द्वारा तैयार होना चाहिए। महात्मा जी ने दो लोगों का नाम दिया था - एक बाबा साहेब अम्बेडकर का और एक इनके अध्यक्ष थे, श्यामा प्रसाद मुखर्जी। उन्होंने बाबा साहेब का नाम इसलिए दिया था, क्योंकि हिन्दुस्तान में जो 'पूना पैक्ट' किया, उसको incorporate करने का काम कोई आदमी करेगा, तो उसका नाम बाबा साहेब अम्बेडकर है। जिसने जिंदगी भर दर्द से, तकलीफ से इस विषमता के खिलाफ संग्राम किया और किसी के सामने नहीं झुका, उसने जो संविधान बनाया, उसकी हालत आज क्या है? यहां आर्थिक विषमता के बारे में तो बहुत चर्चा होती है, गरीबी के बारे में बहुत चर्चा होती है, लोग कहते हैं कि आर्थिक आधार पर आरक्षण दे दीजिए, लेकिन मैं आपसे कहना चाहता हूँ कि एक पहिए पर गाड़ी नहीं चलती है। सभापति जी, हम सिर्फ आर्थिक विषमता के मामले में दिन-रात जूझते रहे हैं, लेकिन आर्थिक विषमता मिटी नहीं है। आर्थिक विषमता कभी मिटी नहीं, हिन्दुस्तान के 80 फीसदी आदमी का मन मरा हुआ है और वह मरा हुआ इसलिए है, क्योंकि यहाँ जाति व्यवस्था है। बाबा साहेब अम्बेडकर ने संविधान में यह बताया है कि कैसे जाति व्यवस्था खत्म होगी। इसको बताने में समय लगेगा, मैं पढ़ कर बताता हूँ। उनका एक ही मकसद था और वह था to eradicate the caste system. जो उन्होंने विशेष अवसर का सिद्धांत लगाया, वह एक संभव कदम था। संभव कदम नहीं उठा सकते थे, लेकिन क्या हुआ? आज भी जाति बनी हुई है और जाति के आधार पर जो 80 फीसदी लोग हैं, उनको जो आरक्षण मिला हुआ है, विशेष अवसर का मौका मिला हुआ है, उस विशेष अवसर के मौके के सिलसिले में आपने इस संविधान के दायरे में क्या किया? सदन के चारों तरफ के लोग, आप जरा मन को ठीक करके रखिए, क्योंकि 80 फीसदी लोगों को विकलांग करके देश मजबूत नहीं हो सकता है।आप दुनिया में बड़ी शान से कहते हैं कि देश आगे बढ़ जाएगा, लेकिन आप यह गलत बोलते हैं। जो देश अपने 80 प्रतिशत लोगों को लूला और लंगड़ा रखेगा, लाचार और बेबस रखेगा, वह मुल्क दुनिया में कभी भी हैसियत और इज्जत नहीं पा सकता।

मान्यवर, आज हमारे देश की हालत यह है कि आप दुनिया में चारों तरफ कटोरा लेकर घूम रहे हैं। हम दुनिया में चारों तरफ कटोरा लेकर घूम रहे हैं और यह आज ही नहीं, बल्कि 68 वर्ष से हो रहा है। हम कभी रूस की तरफ जाते हैं और कभी अमरीका की तरफ जाते हैं। हमें जो राह महात्मा गांधी जी ने दिखाई थी, जो राह हमें संविधान ने दिखाई थी, हम कभी भी उस राह पर नहीं चले। हमने हिन्दुस्तान के 80 फीसदी लोगों को मजबूत नहीं किया। हमने कभी देश के किसान, मजदूर, पिछड़े, आदिवासी और दलितों को मजबूत नहीं किया।

सभापति महोदय, हिन्दुस्तान का सबसे ज्यादा लाचार, बेबस, सबसे ज्यादा पीछे यदि कोई इंसान है, तो वह हिन्दुस्तान का आदिवासी है। उसका कोई नेता नहीं है। उसकी कोई आवाज नहीं है। जब वह सदन में आता है, तो पार्टियों की दहशत से उसकी जुबान नहीं खुलती, क्योंकि पार्टी पैसा देती है, पार्टी टिकट देती है और पार्टी उसका चुनाव लड़ती है।

महोदय, जो पूना पैक्ट था, वह अच्छी नीयत से बनाया गया था, यह मैं नहीं कहना चाहता हूं, क्योंकि उसे बनाने वाले दोनों बड़े लोग थे, लेकिन वह नीयत और जो इस देश का सिस्टम है, जो इसकी व्यवस्था है, वह ठीक नहीं है। जब मैं सिस्टम की बात करता हूं, तो मेरा मतलब कास्ट सिस्टम से है।

इस देश की जितनी 64 मिनिस्ट्रीज हैं, उनमें बताइए कौन दलित जाति का सैक्रेट्री है? यहां से नेता सदन भी चले गए और प्रधान मंत्री जी भी मौजूद नहीं हैं। आज उन्हें यहां बैठना चाहिए था, क्योंकि जो सच है, वह कभी-कभी निकलता है। भारत के जितने भी मंत्रालय 64 या 70 हैं, उनमें बताइए, किसी भी मिनिस्ट्री में एक भी दलित सैक्रेट्री है? आज 68 वर्ष के बाद भी ऐसी स्थिति है कि कोई भी दलित सैक्रेट्री भारत सरकार की किसी भी मिनिस्ट्री में नहीं है। एक बार उत्तर प्रदेश के एक श्री माता प्रसाद, भारत सरकार की एक मिनिस्ट्री में सैक्रेट्री बने थे। आज पिछड़ी जाति का एक भी सैक्रेट्री नहीं है। देश की व्यवस्था चलाने वाले लोगों में दलित जाति का एक भी सैक्रेट्री नहीं है। हां, इस बार एक सैक्रेट्री बना है। मैं जानता हूं कि एक सैक्रेट्री इस बार बना है।

महोदय, आज यहां लोहिया नहीं हैं, मधु लिमये नहीं हैं और मधु दंडवते नहीं हैं। इसलिए मुझे यह कहते हुए तकलीफ हो रही है कि यदि आप में से कोई आदमी यहां इनके बारे में बोल रहा होता, तो मैं यहां बोलने के लिए खड़ा नहीं होता। मैंने हिन्दुस्तान के हर अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ी है। कोई 'मीसा' में दो वर्ष जेल में रहने की बात करता है, लेकिन मैं हिन्दुस्तान की जेल में चार वर्ष रहा हूं। मैंने हिन्दुस्तान की पार्लियामेंट से दो बार इस्तीफा दिया है, लेकिन मुझे तकलीफ है कि आज यहां मधु लिमये नहीं हैं और लोहिया नहीं हैं। मैं यहां आज खड़ा हूं, तो डा. राम मनोहर लोहिया जी के कारण खड़ा हूं। क्या हुआ इस सामाजिक विषमता को?

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सभी से कहना चाहता हूं और आप से भी कहना चाहता हूं कि जो सामाजिक विषमता है, वही सारी चीजों की जननी है। वही सारे गुनाहों की जननी है। उसी के कारण सारी विषमता, उसी के कारण सारा अन्याय, उसी के कारण सारा जुल्म और उसी के कारण सारा शोषण होता है। देश की गाड़ी का एक पहिया सामाजिक विषमता, दलितों की आजादी और आर्थिक विषमता का है। उसमें बोली की आजादी सब कुछ है, लेकिन सब से ज्यादा उसकी आत्मा आर्थिक और सामाजिक विषमता के कारण दुखी है। इस देश में जो सिर्फ आर्थिक विषमता की बात चलती है, वह गलत है।

महोदय, आर्थिक विषमता, सामाजिक विषमता की बेटी है। सामाजिक विषमता, आर्थिक विषमता की बेटी है। आप जाति का ग्राफ खींच लें, ऊंची जाति से नीचे चलते आएं, जैसे-जैसे ऊपर से नीचे चलते जाएंगे, वैसे-वैसे गरीबी बढ़ती जाएगी।

महोदय, सबसे ज्यादा तकलीफ सफाई कर्मचारियों की है। आप कहते हैं कि भारत को स्वच्छ बनाना है। इसी पार्लियामेंट के भीतर, जो सफाई कर्मचारी हैं, उन्हें कितनी तनख्वाह मिल रही है, जरा पता लगाइए। आपने उन्हें कांट्रैक्ट लेबर के रूप में रखा हुआ है। यहां एक सफाई कर्मचारी को केवल रु.7,500/-मिलते हैं। आप कहते हैं कि भारत को 'स्वच्छ भारत' बनाएंगे। आप यहां रोजाना वॉश-रूम में जाते हैं। जरा आप पता लगाना कि उन्हें कितने रुपए तनख्वाह के रूप में मिलते हैं? यानी, हिन्दुस्तान का जो सबसे ज्यादा लाचार और बेबस आदमी है, जो मां का काम करता है, वह सिर्फ पेट के काम को छोड़कर बाकी माता के जितने भी काम हैं, उन सभी कामों को करता है। वह इस देश का बाल्मीकि समाज है। वे सब के सब कितने रुपए में भर्ती हैं? आपके यहां कितने रुपए में भर्ती हैं? महोदय, आप भी बैठे हैं और वहां पर भी मैडम बैठी हैं, आप सबसे ज्यादा जिम्मेदार हैं। आप सफाई की बात करते हैं! मैंने यह उदाहरण इसलिए दिया कि यह पाखंडी देश है, पाखंड से भरा हुआ है। हिन्दुस्तान में आपने जो

[श्री शरद यादव]

आरक्षण लगाया, 68 बरस में उस आरक्षण की क्या हालत हुई? भारत सरकार के 62 डिपार्टमेंट्स हैं – ग्रुप ए, ग्रुप बी और ग्रुप सी। ग्रुप ए में 65,414 employees हैं जिनमें से शैड्यूल्ड कास्ट के लोगों को 7,890 पद मिले जो कि 12.06 परसेंट है, शैड्यूल्ड ट्राइब्स को 3,324 मिले, जो कि 5.08 परसेंट है और ओबीसी को 5,477 मिले, जो कि 8.37 परसेंट है। यह आंकड़ा है, आउट ऑफ 27 परसेंट। तो 68 बरस में यह हालत है। आदिवासियों का ढाई फीसदी बैकलॉग है। शैड्यूल्ड कास्ट के लोगों को 15 परसेंट आरक्षण मिलना चाहिए, उनका 3 परसेंट बैकलॉग है। उन्हें 12 परसेंट मिला और तीन फीसदी अभी भी उनके पेट का कटा हुआ है। आप क्या बात करते हैं? आप संविधान की बात करते हैं? संविधान में बाबा साहेब अम्बेडकर ने अपना मत इसी बात के लिए दिया था? महात्मा गांधी जी का पूरा का पूरा पढ़ लो। उनको जो संविधान बनाने का जिम्मा दिया गया था, उसके पीछे हिन्दुस्तान की जाति व्यवस्था और विषमता को तोड़ने की उनकी मंशा थी, उनका सपना था। उस सपने का क्या हुआ? अब ग्रुप बी देखिए। जब ग्रुप बी आएगा तो परसेंटेज बढ़ जाएगा। ग्रुप बी में 1,41,305 में से शैड्यूल्ड कास्ट्स को 22,233 पद मिले, जो कि 15.73 परसेंट है। इस प्रकार परसेंटेज बढ़ गया, कोटा पूरा हो गया। अब मैं आपको ग्रुप सी के बारे में बताना चाहता हूं, जो 17.53 परसेंट है। इस प्रकार जब ग्रुप सी आया तो कोटा पूरा हो गया। चपरासी बनना है, बन जाओ, क्लर्क बनना है, बन जाओ, बाबू बनना है, बन जाओ लेकिन कलेक्टर या एसपी मत बनो, उसमें बैकलॉग रहेगा। यह व्यवस्था है, यह सिस्टम है। उसका मैंने आपको उदाहरण दिया है कि केवल एक सेक्रेटरी है। यहां पर पार्लियामेंटरी अफेयर्स मिनिस्टर बैठे हैं। नक़वी साहब समझ रहे हैं कि फालतू चीज़ चल रही है। आप कौन सी बात कर रहे हैं? आप बताइए कि जो मैंने कहा कि बैकलॉग है और जो मैंने कहा कि एक भी मिनिस्ट्री में दलित सेक्रेटरी नहीं है...(**व्यवधान**)...

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री; और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुख्तार अब्बास नक़वी) : सभापति महोदय, माननीय शरद जी बहुत वरिष्ठ माननीय सदस्य हैं। जो उन्होंने कहा, उसके बारे में जो factual position है, उसकी जानकारी मैं सदन को देना चाहता हूं कि चार एससी, एसटी से संबंधित सचिव हमारी सरकार के समय में रहे हैं। अगर आप कहेंगे तो मैं आपको उनके नाम भी दे देता हूं।

श्री सीताराम येचुरी : यह सब जरूरी नहीं है।

श्री मुख्तार अब्बास नक़वी : मुझे लगता है कि हो सकता है कि आपको उसके पहले की कोई जानकारी हो। हमारे समय में चार एससी, एसटी से संबंधित माननीय सचिव हैं।...(**व्यवधान**)... दूसरी चीज़ सचिव या इस तरह के प्रशासनिक पदों पर लोक जिम्मेदारी और उनकी ...(**व्यवधान**)... योग्यता के आधार पर नियुक्ति होती है।...(**व्यवधान**)... अगर आपको नाम चाहिए तो मैं नाम भी बता दूंगा।

श्री सभापति : आप उन्हें नाम दे दीजिएगा।

श्री शरद यादव : वे साउथ के लोग होंगे।

(**श्री उपसभापति** *पीठासीन हुए*)

श्री मुख्तार अब्बास नक़वी : वे साउथ के नहीं हैं। देवेन्द्र चौधरी उत्तर प्रदेश के हैं, वे प्रशासनिक सुधार के सचिव हैं। सुरजीत सिंह चौधरी टेक्सटाइल के सचिव थे, अभी 15 दिन पहले शायद रिटायर हुए हैं। श्री पी.डी.मीणा डिपार्टमेंट ऑफ एक्स-सर्विसमेन वेलफेयर के सचिव हैं।

श्री शरद यादव : ये आप ट्राइबल के बता रहे हैं।

श्री मुख्तार अब्बास नक़वी : ट्राइबल के नहीं हैं। मैंने आपको इससे पहले सारे एससी बताए।...(**व्यवधान**)... मैं इसमें कोई विवाद नहीं कर रहा हूं हो सकता है कि आपको कहीं से जो फीडबैक मिला हो, वह सही न हो।

श्री शरद यादवः उपसभापति जी, मैं यह कह रहा हूं कि ग्रुप बी और ग्रुप सी में तो पूरा कोटा हो गया, लेकिन जो मैं कह रहा था कि सेक्रेटरी, जहां से सिस्टम चलता है, उसके बारे में फिर से आप पता लगा लीजिए। जो आपने मीणा नाम लिया है, लेकिन मीणा को छोड़कर हिन्दुस्तान के दस करोड़ आदिवासी हैं, उसका एक सेक्रेटरी यहां नहीं है और केबिनेट सेक्रेटरी की बात तो छोड़ दीजिए, वह तो कभी नहीं बनेगा।

उपसभापति जी, मेरा आपसे निवेदन है कि जो सामाजिक विषमता थी, उस सामाजिक विषमता के जो बने हुए लोग हैं, जो लोग सदियों से पिछड़ रहे हैं, आप सोचते हैं कि देश आगे बढ़ जाएगा। जो रिजर्व कैटेगरी के लोग हैं, वे ही उत्पादन करने वाले लोग हैं, वे ही मेहनत करने वाले लोग हैं, वे ही सम्पत्ति पैदा करने वाले लोग हैं और उनको ही आपने हक देने में इतनी कोताही की है कि आपको नम्बर बताना पड़ रहा है। उनकी आबादी 80 फीसदी है और आप उनका हिस्सा एक-दो नाम का बता रहे हैं। आप बैकवर्ड क्लास का भी पता लगा लेना, जो आधी आबादी से ज्यादा है, उनका सेक्रेटरी भारत सरकार में कितनी बार बना, यह भी पता लगा लेना।

मानव संसाधन विकास मंत्री (श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी) : मैं आपसे माफी चाहती हूं, आप बड़े हैं, लेकिन सेक्रेटरी देश के हैं।

श्री शरद यादवः आप तो बड़ी होशियार हैं। आप बहुत होशियार हैं।

श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानीः मुझे पता है कि मैं होशियार हूं, लेकिन मैं आपसे आग्रह करती हूं कि सेक्रेटरी पूरे देश के हैं।

श्री शरद यादवः मैं आपकी बात समझ गया हूं, लेकिन आप मेरी बात समझेंगी नहीं। मेरा कहना यह है कि हिन्दुस्तान पूरी तरह से कई अंतर्विरोधों से, कई विषमताओं से भरा हुआ है, उस विषमता के पीछे कोई और कारण है और कोई एक बात है तो यह जाति व्यवस्था है। इसके बारे में हमें जितना रिजर्वेशन और अफरमेटिव एक्शन करना था, उतना अफरमेटिव एक्शन हमने 68 वर्ष में नहीं किया है। आप अकेले एक आईएएस और आईपीएस का उदाहरण दे रहे हो, लेकिन बैंक है, यूनिवर्सिटी है, एम्स है, यहां एक दलित महिला एक जनरल सीट पर जीत गई, डॉक्टर बन गई, आज भी वह बाहर बैठी है। एस.सी. कमीशन के चेयरमैन पुनिया जी यहां पर बैठे हैं, ये जब बोलेंगे तो बताएंगे कि कदम-कदम पर यदि अन्याय नहीं होता, जुल्म नहीं होता तो इतना बड़ा समाज आगे बढ़ता, परन्तु पूरा समाज इसलिए आगे नहीं बढ़ सका क्योंकि इस जाति व्यवस्था के बारे में हमने कोई बहस नहीं की। इसके ऊपर हमें

[श्री शरद यादव]

4.00 P.M.

बहस करनी चाहिए। सबसे ज्यादा युद्ध, सबसे ज्यादा संग्राम यदि कोई हुआ है, तो जाति व्यवस्था के eradication पर हुआ है, जाति व्यवस्था को समाप्त करने के लिए हुआ है। अभी भी हमारा जो रिजर्वेशन है, वह 49.5 परसेंट है। जो लड़का अंतर्जातीय शादी कर रहा है, उसके लिए हम पूरे देश में आज तक इंतजाम नहीं कर पाए कि जो अंतर्जातीय शादी कर रहा है, वह देश का महान काम कर रहा है। उसे प्रोटेक्शन मिलना चाहिए। सरकार को उसे हर जगह नौकरी देनी चाहिए। इसलिए मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि यह जो जाति व्यवस्था का राक्षस है, इस राक्षस से बहुत से लोगों को फायदा है, बहुत से लोगों को नुकसान है। मगर मैं कहना चाहता हूं कि बाबा साहेब अम्बेडकर और संविधान बनाने वालों ने जो सामाजिक विषमता को दूर करने का प्रयास किया था, उसमें एक आर्थिक सवाल पर हम जरूर जूझते रहे हैं, लेकिन सामाजिक विषमता के बारे में हमने कोई काम और कोई ऐसी चीज़ नहीं की, जिससे कि यह देश आगे बढ़ सके।

यह देश एक पहिए पर नहीं चलेगा, एक पक्षी एक पंख पर नहीं चलेगा। हिन्दुस्तान की सबसे बड़ी बीमारी गरीबी और सामाजिक विषमता है। ये दोनों जुड़े हुए सवाल हैं, इन दोनों जुड़े हुए सवालों को हल करने का एक भी प्रयास ईमानदारी से नहीं हुआ। सच्चाई से इसके बारे में कोई प्रयास नहीं हुआ। अगर सच्चाई से प्रयास हुआ होता, तो आज हिन्दुस्तान का 80 फीसदी आदमी विकलांग नहीं होता, लाचार और बेबस नहीं होता। वह हर तरह से पीछे है, वह हर तरह के मामले में पीछे है। यह व्यवस्था कुछ मुट्ठी भर लोगों के हाथ में है, जो इस व्यवस्था को चला रहे हैं।

इस संविधान का मतलब यह है कि यह व्यवस्था सब लोगों द्वारा चलाई जाए, सब लोग मजबूत और ताकतवर हों। महोदय, हिंदुस्तान की जाति व्यवस्था के बारे में आप दो दिन की बहस रखिए। इस सदन में बहुत से लोग हैं, जो कि इस की गंभीरता के बारे में नहीं जानते। यह ऐसी बीमारी है, जो दुनिया में सिर्फ इसी देश में पाई जाती है और इस बीमारी के चलते हमारे देश का जितना विकास होना चाहिए था, देश जितना आगे बढ़ना चाहिए था, उतना आगे नहीं बढ़ पाया । महोदय, इस के पीछे सिर्फ एक कारण है कि हम लोगों ने सिर्फ economic disparity को लेकर कार्यक्रम बनाए हैं। इस बीमारी को हम हमेशा ignore करते रहे और इसलिए हमारा देश जितना मजबूत और ताकतवर होना चाहिए था, उतना नहीं हुआ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहूंगा कि मेरे पहले किसी ने इस बात को नहीं उठाया है, इसलिए मैंने इस बात को बहुत वेदना के साथ उठाया है। मैं कहना चाहूंगा कि हिंदुस्तान के संविधान निर्माता बाबा साहेब अम्बेडकर को जो जिम्मा दिया गया था, वह इसलिए दिया गया था कि देश के सब से ज्यादा छोटे और सब से ज्यादा निचले तबके, छोटी जाति व वीकर सेक्शन के लोगों की जिंदगी कैसे ठीक होगी, कैसी संवरेगी, उन्हें बनाने का देश का यही मकसद था। उसमें बाकी सभी लोगों ने सहयोग किया, लेकिन वे बड़े लोग थे जिन्होंने हिंदुस्तान की इस बीमारी को पहचानकर, इस विषमता के संबंध में एक बड़ा प्रावधान किया था। महोदय, वह प्रावधान आज लागू नहीं होता है। मैंने यहां आईएएस/आईपीएस की बड़ी नौकरियों का जिक्र किया, लेकिन आज न उन लोगों को बैंक्स में नौकरी करने का हक मिलता है और न उन्हें एजुकेशन में हक मिलता है। महोदय, आज सुप्रीम कोर्ट की

नौकरियों में भी रिजर्वेशन नहीं है। यह सुप्रीम कोर्ट यहां के बनाए हुए कानूनों को रोकता है, वही सब से ज्यादा social justice को बढ़ाने के काम में रुकावट डालता है। इसलिए इस संविधान पर चर्चा के दौरान यदि इस मुद्दे पर चर्चा नहीं होगी तो बात नहीं बनेगी। इसीलिए मैंने इस चर्चा को छेड़ा।

उपसभापति जी, इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Thank you. Okay. Navaneethaji, after all, we all are comrades. We may belong to different parties. I leave it to you. I will not enforce anything. But if one Member requests that he has an early flight, accommodating him is a practice of the House. ...*(Interruptions)*.... Then, you do what you want to do. ...*(Interruptions)*.... That is a practice. After all, we all are comrades, this side or that side. ...*(Interruptions)*....

SHRI DEREK O'BRIEN: Sir, please use some other word.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You are allergic to the word 'comrade'.

SHRI DEREK O'BRIEN: Sir, please use some other word like 'colleague'.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Okay. You give me a better word. I am not a master of English. ...*(Interruptions)*.... So, don't you concede for Mr. Yechury? He wants to go. ...*(Interruptions)*.... I can use my discretion, but I am not using that. I only want to do it with your consent. I can use my discretion. I am not doing that.

SHRI A. NAVANEETHAKRISHNAN(Tamil Nadu): Sir, I will be in trouble. ...*(Interruptions)*....

MR. DEPUTY CHAIRMAN: He is advising you. ...*(Interruptions)*.... You will be in trouble! ...*(Interruptions)*.... My God! ...*(Interruptions)*.... What can I do? ...*(Interruptions)*.... I can use my discretion which I am not using. Okay. It is up to you. I said that I am not enforcing and it is up to you. Okay. Please do not take too much time.

SHRI A. NAVANEETHAKRISHNAN: Thank you, Sir. At the outset, I would thank my revered leader, Puratchi Thalaivi Amma, for giving me this opportunity to stand before this august gathering for the discussion on "the Commitment to India's Constitution as part of 125th Birth Anniversary Celebration of Dr. B.R. Ambedkar". It is very fitting that 26th November every year is proposed to be celebrated as Constitution Day, marking the anniversary of the day on which, in 1949, the Constituent Assembly adopted the Constitution of India. This occasion also gives us an opportunity to remember and revere the memory of Bharat Ratna Dr. Babasaheb Ambedkar who, as Chairman of the Drafting Committee, played the greatest role in giving to the nation our founding charter. The Constitution of India is widely recognised as a very progressive document

[Shri A. Navaneethakrishnan]

which established in what was, at that time, a poor, largely illiterate country, a modern democracy. It has also accommodated a wide range of diversity in terms of region, religion, language, socio-economic status, aspiration and political opinion. Inclusiveness was a major attribute of the Indian Constitution. This robust founding charter for India has stood the test of time. It has fostered institutions. Whereas many newly independent countries and nations floundered into authoritarianism and anarchy; the Constitution was the bedrock that enabled India to integrate and bound the nation together.

The Constitution of India's greatest success lies in the fact that it has provided the latitude for diversity. It has provided the space for aspiration. And it has been flexible enough to be amended whenever the need was felt. The judiciary has also played its part in interpreting various provisions of the Constitution in a constructive, creative and progressive manner. It has indeed been a living document and we, as citizens of this country, have every right to be justifiably proud of the manner in which we have worked the Constitution.

For Tamil Nadu, located as it is at the southern tip of the Indian peninsula, with a hoary and distinct cultural and linguistic tradition, it is this inclusivity and scope for giving expression to local aspirations which has led to all shades of responsible political opinion in the State to have the highest respect for and faith in the Constitution of India and the institutions created under it, including the Legislature, the Judiciary, the Finance Commission, Election Commission of India, C&AG and the Union Public Service Commission to name a few.

As we observe the 125th Birth Anniversary of Bharat Ratna B.R. Ambedkar, we cannot but highlight the emphasis on social justice which he imbued the Constitution of India with. Article 15 (4) provides for the State to make special provisions for the advancement of the socially and educationally backward classes of citizens or for Scheduled Castes and Scheduled Tribes and Article 15 (5) specifically provides for special provisions for such disadvantaged groups in admissions to educational institutions. Similarly, Article 16 (4) permits the State to make special provisions for reservation in public employment for any backward class of citizens which is not adequately represented.

The State of Tamil Nadu, has been a forerunner in the area of social justice and affirmative action and the policy of reservation has been in vogue since 1927. The quantum of reservation in educational institutions and in public employment for the Scheduled Castes, Scheduled Tribes and Backward Classes was increased from 49 per cent to 68 per cent in 1980. In 1990, the High Court of Madras ordered for providing a separate quota of one per cent for Scheduled Tribes increasing the total reservation to 69 per cent.

In the Indira Sawhney *Vs*. Union of India (Mandal cases) the hon. Supreme Court ordered that the quantum of reservation should not ordinarily exceed 50 per cent; if at all the quantum of reservation has to exceed 50 per cent, the State has to make out a special case showing the extenuating circumstances. Further, the creamy layer from amongst the backward classes should be identified and excluded and a permanent mechanism in the form of Committee/Commission should be established by the State to review the lists of Backward Classes. Tamil Nadu had constituted a Backward Classes Commission.

For a State where 87 per cent of the population belong to socially and educationally backward classes, for whom reservation of 69 per cent had been extended for a number of years, the hon. Supreme Court's orders staying reservation exceeding 50 per cent had created a huge social crisis in the State. As a progressive measure to secure social justice and to protect the quantum of reservation already prevailing in the State, my revered leader, Puratchi Thalaivi Amma, who was then the hon. Chief Minister of Tamil Nadu brought before the Tamil Nadu Legislative Assembly the Tamil Nadu Backward Classes, Scheduled Castes and Scheduled Tribes (Reservation of seats in Educational Institutions and Appointments or Posts in the Services under the State) Bill, 1993, to preserve and maintain 69 per cent reservation. The assent of the President of India was obtained on 19.7.1994. The Act was placed in the Ninth Schedule of the Constitution by the Constitution (76th Amendment) Act, 1994, on 31.8.1994.The Government of Tamil Nadu has continued to stoutly defend its stance on reservation before the Supreme Court of India against several legal challenges and has effectively secured social justice for the people of the State to this day. All this has been possible due to the exceptional and brilliant efforts undertaken by the hon. Chief Minister of Tamil Nadu, Puratchi Thalaivi Amma. To us, in Tamil Nadu, so far as the features of the Indian Constitution are concerned, we cherish most of those which imbibe the spirit of federalism. Autonomy of the States and federal structure of the Centre has been the firm credo of successive governments in Tamil Nadu. The present Government in Tamil Nadu under the leadership of hon. Chief Minister, Puratchi Thalaivi Amma, has been a strong defender of the federal spirit in every sphere of State action and governance, that is, legislative, judicial, administrative and above all, in fiscal matters. The position that Tamil Nadu, under the leadership of the hon. Chief Minister of Tamil Nadu, Puratchi Thalaivi Amma, has taken on a number of proposed Central legislations, namely, the National Security Act, the new Land Acquisition Bill, the National Judicial Appointments Bill, and the Road Safety Bill, to name just a few such legislations, is based, primarily, on the principle that the federal features of the Constitution of India require to be protected and preserved against recurrent attempts to encroach on them. Even in the administrative sphere, my revered leader and the hon.

[Shri A. Navaneethakrishnan]

Chief Minister of Tamil Nadu, has emphasized that the maintenance of internal security in the country is an exercise that requires functional cooperation and understanding between the Central Government and State Governments and pre-supposes relationship based on equality. The States are equal partners with the Centre in protecting the nation from internal strife. My revered leader strongly opposed the erstwhile UPA Government's attempts at increasingly taking unilateral steps and creating top-down sections and parallel authorities that encroached upon constitutional domain of the State Government. This ill-informed and counter-productive approach of the UPA Government was best illustrated by the ham-handed manner in which the National Counter Terrorism Centre was sought to be established. My revered leader fiercely opposed this assault on State autonomy and the federal structure of governance in this country and her opposition was instrumental in ensuring that such a mechanism was not created. My revered leader correctly observed that in a federal democracy like ours, democratically elected State Governments are as interested in the territorial integrity and unity of the country as the Union Government. In that context, terrorism is threatening to become a global threat which affects India as well. To protect federalism inherent in the Constitution, the Government of India should seek the active cooperation of all the State Governments as its equal partners in our fight against the common enemy. The Government of Tamil Nadu, under the leadership of Puratchi Thalaivi Amma, has held a consistent and principled stance on the defence of the State's autonomy even in the context of the Right to Fair Compensation and Transparency in Land Acquisition (Rehabilitation and Resettlement) Bill. Right from the time that the previous UPA Government introduced the Bill, based on the twin tenets of the need to preserve State autonomy within our federal structure and to protect the interests of the agriculture and of our farmers, we had pointed out that the Government of India, in replacing the colonial era Land Acquisition Act, 1894, with the Land Acquisition (Rehabilitation and Resettlement) Bill, 2011, is exceeding its legislative competence under the Constitution of India and extending to the legislative competence of State Governments. Land is a state subject under Entry 8 of List II of the Seventh Schedule. States are much closer to the people and hence the Constitution-makers logically provided for the State Governments to deal with matters connected with land. Even administratively, all records and related matters are dealt with by State Government authorities. Hence, it would be appropriate for the field to have been left to States to legislate. Fiscal federalism is another key element of India's Constitutional framework. The makers of our Constitution recognized that for reasons of administrative efficiency and convenience, more taxation powers had

to be vested with the Central Government, while the responsibilities for actual delivery of many resource-intensive public services like maintenance of public order, public health, agriculture, education to name just a few, were logically vested with the States, since that was the appropriate delivery level. This arrangement was no doubt occasioned by many considerations which were valid when the country had just become independent, namely, the overall level of economic development of the country, the wide variation in the sophistication of administrative institutions found in different States and regions of the country, and above all the political situation at that time. The scars of the traumatic partition of the country were still fresh. The memory of the herculean efforts that had to be undertaken to integrate the erstwhile princely States into the Indian Union and consolidate the nation were too recent and democracy in the country too nascent.

Over the last 65 years since we adopted our Constitution, the scenario has changed considerably and for the better. India is now a confident nation and a mature democracy. Undoubtedly economic challenges remain, but those are of a different order—not those of overcoming food scarcity and starvation or of overcoming the handicaps created by a few centuries of colonial rule including a highly skewed pattern of industrialization and the absence of a modern industrial base.

Over the last two and half decades in particular, we have also seen a steady shift in real political and economic power away from the Centre. The political parties in States and political leaders at the State level are becoming much more important players. These should not be seen as centrifugal or fissiparous forces that have to be curbed, but as a manifestation of India's maturing as a nation and as a democracy – after all it would be strong States that will make a strong nation.

The resource needs of the States have increased significantly. More importantly, State Government, which are engaged in the direct provision of many of these services have also demonstrated their greater efficiency and effectiveness in the delivery of such services. But in a context where the nation has grown more politically and economically confident, a federal policy has become more entrenched, the States have demonstrated their administrative capacity and State level interventions have become much more important for economic development, Centre-State fiscal relations have clearly not kept pace. Sir, it is very important. The States do not receive the predictable, non-discretionary and non-discriminatory flow of resources from the Centre that the Constitution envisages.

The States have been placed at the whim and mercy of different Ministries in Delhi to receive assistance for many Centrally-sponsored schemes.

[Shri A. Navaneethakrishnan]

While Tamil Nadu may be more efficient in ensnaring more funds for its needs in such a mechanism, we sincerely believe that such discretionary transfers are not just a sub-optimal solution, but deeply humiliating for the States as the elected State Governments are not regarded as equal partners in the development process, but as mere local supplicants. Such a design is completely flawed and violative of the spirit of the constitutional scheme where States, being closer to the people, have been accorded a key role in development related activities.

That is why, Tamil Nadu under the leadership of my leader is a very strong votary of the idea that the greatest proportion, if not the entire, fund flow from the Centre to the States should be on the basis of the recommendations of the constitutionally mandated Finance Commission rather than through other mechanisms.

It is on this basis that the hon. Chief Minister of Tamil Nadu proposed to the Fourteenth Finance Commission to exclude discretionary expenditure of the Centre including as Gross Budgetary Support to the Plan from the committed liabilities of the Central Government when the resources available with the Centre for devolution to the States are assessed. Out of the aggregate resources available with the Centre, 50 per cent should be made shareable with the States, which would appropriately balance expenditure needs of the States and Centre and help considerably diminish the scope for discretionary and discriminatory transfers.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: How many more pages?

SHRI A. NAVANEETHAKRISHNAN: Only seven pages. I am having 30 pages. If I am able to complete it quickly, another Member may be accommodated tomorrow.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: See, there is no rule. Otherwise, I would have asked you to place it on the Table of the House. You proceed.

SHRI A. NAVANEETHAKRISHNAN: I think these are all the important points. The Fourteenth Finance Commission recommended a substantial enhancement in the share of the States in the divisible pool of Central taxes from 32% to 42%, heeding the suggestion of our revered leader Puratchi Thalaivi Amma. While we welcome this increase in non-discretionary and assured transfer of resources from the Centre to the States, it is important to note that the Commission's recommendations do not represent an aggregate increase in the gross transfer of resources from the Centre to the States.In fact the Commission expects the gross transfer to be 49 per cent of the gross tax receipts of the Centre, which is less than the 53.4 per cent level reached in 2011-12.

